F.No.- CSU-LKO/Exam /2021-2022/

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, लखनऊ

0522-2393748] Email- ksvvlucknowcampus@gmail.com

Website: - http://csu-lucknow.edu.in

परीक्षा हेतु निर्देश

दिनांक 16.02.2022

दिनांक 21.02.2022 से 15.03.2022 तक आयोजित होने वाली शास्त्री तथा आचार्य कक्षाओं की ओपन बुक परीक्षा हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा में पालनीय अत्यावश्यक निर्देश –

1. शास्त्री, आचार्य (सत्रार्द्ध प्रणाली) कक्षाओं की परीक्षाएँ ओपन बुक एग्ज़ामिनेशन के माध्यम से आयोजित होंगी। समय सारिणी संलग्न है।
2. प्रश्न पत्र ईमेल के द्वारा ही प्रेषित होंगे।
3. सभी उत्तर A4 साइज़ के कागज़ पर नीले/काले रंग के बालपाइंट पेन से ही लिखने हैं।
4. परिसर की वेबसाइट पर संस्थापित उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ को डाउनलोड कर आवश्यक विवरण भर कर उत्तरपुस्तिका के साथ संलग्न कर ही प्रेषित करें, अन्यथा उत्तरपुस्तिका स्वतः निरस्त हो जाएगी। प्रथम पृष्ठ के पीछे का भाग रिक्त छोड़ दें।
5. उत्तर पुस्तिका छात्र द्वारा स्वयं लिखित तथा पृष्ठ क्रमांक लिखी हुई होनी चाहिए।
6. **परीक्षोपरान्त छात्र उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों को PDF फॉर्मेट में एक ही फाइल बनाकर प्रदत्त ईमेल आइडी में एक घण्टे के अन्दर ही प्रेषित करें।**
7. उत्तरपुस्तिका केवल PDF फार्मेट में ही स्वीकार्य होगी। आधा स्केन किया हुआ, अस्पष्ट अक्षरों वाली फाइल मान्य नहीं होगी तथा परीक्षक द्वारा निरस्त कर दी जायेगी।
8. व्यक्तिगत ईमेल, व्हाट्सप्प अथवा व्हाट्सप्प समूह में अपनी उत्तरपुस्तिका ना भेजें। इससे परीक्षा की गोपनीयता भंग हो जाएगी एवं एतदर्थ आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
9. परीक्षार्थी उत्तरपुस्तिका को परिसर में हाथों-हाथ परीक्षा अवधि के पश्चात् जमा कर सकते हैं। जो छात्र हाथों-हाथ जमा करना चाहते हैं, उनको उत्तरपुस्तिका ईमेल करने की आवश्यकता नही है।
10. **उत्तरपुस्तिकाएँ परीक्षा समाप्ति के एक घण्टे तक हाथों-हाथ परिसर में जमा की जा सकेंगी।**
11. **विलम्ब से प्राप्त उत्तरपुस्तिकाएँ निरस्त कर दी जाएंगी। विलम्ब से आशय यह है कि प्रातः कालीन सत्र की उत्तर पुस्तिका 2:00 बजे बाद और सायंकालीन सत्र की सायं 6:00 बजे के बाद प्राप्त होने पर निरस्त कर दी जाएगी।**
12. उत्तरपुस्तिका में प्रदत्त प्रथम पृष्ठ के अतिरिक्त किसी पृष्ठ पर अनुक्रमांक, नाम, हस्ताक्षर, मोबाइल नंबर जैसी कोई जानकारी ना लिखें, जिससे छात्र की पहचान उजागर हो
13. ओपन बुक एग्ज़ामिनेशन के प्रश्नपत्रों को व्यक्तिगत ईमेल पर प्रेषित करने तथा वैकल्पिक पत्रों को सुनिश्चित करने हेतु सभी छात्र अधःप्रदत्त गूगल फॉर्म के माध्यम से निर्दिष्ट सभी जानकारी व सही ईमेल

आईडी को भरकर दिनांक 17-02-2022 दोपहर 02:00 बजे तक अवश्य ही प्रेषित कर दें। अन्यथा गूगल फॉर्म नहीं भरने की स्थिति में प्रश्न पत्रों को भेजा जाना सम्भव नहीं होगा।

S.No	Class	Google form Link
1.	शास्त्री प्रथम सत्रार्द्ध	https://forms.gle/FyeVk1YkNqMXkcVW6
2.	शास्त्री तृतीय सत्रार्द्ध	https://forms.gle/4t2u2THykSybNSpD6
3.	शास्त्री तृतीय सत्रार्द्ध	https://forms.gle/z1bqbE2fHSFM9kBs7
4.	आचार्य प्रथम सत्रार्द्ध	https://forms.gle/YjHeTqhbPa7m9kPb9
5.	आचार्य तृतीय सत्रार्द्ध	https://forms.gle/Nta4zXAdvJrDiYZ26

14. कक्षावार उत्तर पुस्तिकाएँ प्रेषित करने हेतु ईमेल आईडी निम्नांकित हैं –

- शास्त्री प्रथम सत्रार्द्ध - shastrifirstyear@gmail.com
- शास्त्री तृतीय सत्रार्द्ध - shastrisecondcsulko@gmail.com
- शास्त्री तृतीय सत्रार्द्ध - shastrifinalcsulko@gmail.com
- आचार्य प्रथम सत्रार्द्ध - acharyafirstcsulko2021@gmail.com
- आचार्य तृतीय सत्रार्द्ध - acharya2csulko@gmail.com

(प्रो. सर्वनारायणझा)
निदेशक